[32] No. of printed pages: 2

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**B A (III Semester) Examination**
**2013**
**Thursday, 5th December**
**2.30 - 5.30 pm**
**UA03CHLT06 - Paper VI**
**हिन्दी उपन्यास भाग – १ (निर्मला)**

**कुल अंक: ७०**

प्र. १ निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** पर सप्रसंग व्याख्या कीजिए । (१५)

(१) ''क्या करुँ, जग हँसाई भी तो अच्छी नहीं लगती । कोई शिकायत हुई तो लोग कहेंगे, नाम बड़े दर्शन थोड़े । फिर जब वह मुझसे दहेज एक पाई नहीं लेते तो मेरा भी कर्तव्य है कि मेहमानों के आदर-सत्कार में कोई कमी न रखूँ ।''

(२) ''पैंतीस साल का आदमी बूढ़ा नहीं कहलाता अगर लड़की के भाग्य में सुख भोगना है तो जहाँ जायेगी सुखी रहेगी, दुःख भोगना है तो जहाँ जायेगी दुःख झेलेगी ।''

(३) ''विमाता का नाम ही बूरा होता है । अपनी माँ विष भी खिलाये तो अमृत है, मैं अमृत भी पिलाऊँ तो विष हो जायेगा ।''

(४) ''कहीं ऐसी जगह शादी करवाइये कि खूब रुपयें मिलें । और न सही, एक लाख का तो डौल हो । वहाँ अब क्या रखा है? वकील साहब रहे ही नहीं, बुढ़िया के पास अब क्या होगा?''

(५) ''कदाचित् इतनी देर तक उसके प्राण निर्मला ही की राह देख रहे थे । उसे निष्कलंक सिद्ध किये बिना वे देह को कैसे त्याग देते? अब उनका उद्देश्य पूरा हो गया । मुंशीजी को निर्मला के निर्दोष होने का विश्वास हो गया । पर कब? जब हाथ से तीर निकल चुका था ।''

प्र. २ 'निर्मला' उपन्यास के कथानक की प्रमुख विशेषताएँ निरुपित कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र. २ टिप्पणी लिखिए ।

(१) 'निर्मला' में तोताराम ।

(२) 'निर्मला' उपन्यास के आधार पर प्रेमचंद की नारी भावना ।

प्र. ३ 'निर्मला' उपन्यास की प्रमुख समस्याओं पर प्रकाश डालिए । । (२०)

**अथवा**

प्र. ३ टिप्पणी लिखिए ।

(१) 'निर्मला' उपन्यास का उद्देश्य ।

(२) 'निर्मला' उपन्यास में संवाद ।

प्र. ४ निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए । (**कोई पन्द्रह**) (१५)

१. निर्मला के माता-पिता के नाम लिखिए ।
२. निर्मला का विवाह डॉ. भुवन मोहन सिन्हा से क्यों नहीं हो पाता है?
३. भालचंद्र सिन्हा की बात सुनकर पत्नी रंगीलीबाई क्या कहती है?
४. तोताराम की बहन का नाम क्या था?
५. तोताराम के तीनों बेटों के नाम लिखिए ।
६. तोताराम अपने बड़े बेटे को होस्टेल क्यों भेज देता है?
७. पति की मृत्यु के बाद कल्याणी ने भालचंद्र सिन्हा को क्या संदेश भेजा?
८. निर्मला की सहेली का एवं उसके पति का नाम लिखिए ।
९. 'निर्मला' उपन्यास के लेखक का नाम क्या है?
१०. निर्मला अपने अंतिम समय में अपनी बेटी के लिए क्या विचार रखती है?
११. निर्मला के गहनों की चोरी कौन करता है?
१२. 'निर्मला' उपन्यास में कितनी समस्याएँ प्रस्तुत है?
१३. तोताराम का कौन सा बेटा किस साधु के साथ चला जाता है?
१४. "उसका मूल्य अब मेरी निगाहों में बहुत बढ़ गया है । आज तक वह मेरे भोग की वस्तु थी, आज से वह मेरी शक्ति की वस्तु है ।" - यह वाक्य कौन बोलता है?
१५. निर्मला को तोताराम के पास बैठने और हँसने बोलने में संकोच क्यों होता था?
१६. निर्मला के भाइयों के नाम बताइये ।
१७. तोताराम के सहपाठी मित्र का नाम बताइए ।

ॐ ॐ ॐ